दिनांक : 02/07/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार:-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री के बीच आज होगी द्विपक्षीय वार्ता।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा धान की फसल पर भावांतर राशि दी जाएगी।
- प्रदेश में मानसून सक्रीय, लोगों को झमाझम बारिश का इंतजार।
- भारत-इंग्लैंड के बीच पहला टी20 बारिश के कारण ड्रा रहा। दूसरा मैच शनिवार को होगा।

जापान प्रधानमंत्री-भारत यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची के साथ वार्ता करेंगे। वार्ता के बाद कुछ सहमति-पत्रों पर हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और जापान हिंद-प्रशांत तथा अन्य क्षेत्रों में भी शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए साझा प्रयास जारी रखेंगे। प्रधानमंत्री ताकाइची की यह पहली भारत की आधिकारिक यात्रा है। पेश है एक रिपोर्ट ..

धान महोत्सव-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के धान उत्पादक किसानों के हित में बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब धान की फसल पर भी भावांतर योजना का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे हलधर किसान सिर्फ अन्नदाता नहीं, इस धरा के वास्तविक शुभंकर है। किसानों की खुशहाली ही हमारी सरकार का संकल्प हैं क्योंकि किसान समृद्ध होगा, तभी हमारा प्रदेश और देश समृद्ध होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाकौशल की धरती धान उत्पादन के लिए जग प्रसिद्ध है। छत्रिय धान को अब भौगोलिक संकेतक टैग (जीआई टैग) मिल गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को सिवनी जिला मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय धान महोत्सव को संबोधित कर रहे थे।

जी.एस.टी.- राज्यपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि जी.एस.टी. को लागू करना एक-राष्ट्र, एक-कर, एक-बाजार की अवधारणा तक सीमित नहीं होकर, एक-राष्ट्र, एक-संकल्प और एक-साझा उत्तरदायित्व का जीवंत प्रतीक है। राज्यपाल श्री पटेल कल जी.एस.टी. के नौवें वर्ष के अवसर पर भोपाल के रविन्द्र भवन में "सुगम कर-सशक्त भारत" थीम पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जी.एस.टी. की नौ वर्षों की इस यात्रा से देश को दशकों पुराने इंस्पेक्टर राज और जटिल कर तरीकों के जाल से मुक्ति मिली है। यह ऐतिहासिक यात्रा इस बात का प्रमाण है कि जब केंद्र और राज्य एकजुट होकर कार्य करते हैं, तो आर्थिक सुधार केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं रह जाते, बल्कि एक राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले लेते हैं।

स्वर प्रेरणा वीथिका

नई दिल्ली में आकाशवाणी के रंग भवन में कल फोटो गैलरी-स्वर प्रेरणा वीथिका का अनावरण किया गया। पद्म विभूषण बांसुरीवादक पंडित हरिप्रसाद चैरसिया ने इसका उद्घाटन किया। गैलरी में भारत रत्न पुरस्कार विजेताओं के चित्र शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान, पंडित रूपक कुलकर्णी द्वारा बांसुरी वादन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी तथा आकाशवाणी और डीडी न्यूज के महानिदेशक राजीव कुमार जैन उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए श्री द्विवेदी ने कहा कि आकाशवाणी ने भारत की समृद्ध संगीत विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री द्विवेदी ने कहा कि...

नवकरणीय ऊर्जा-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार ने 24 घंटे नवकरणीय ऊर्जा उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत कर दी है। उन्होंने बताया कि दावोस में की गई घोषणा के अनुरूप प्रदेश, 24 घंटे हरित ऊर्जा देने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली में आयोजित प्री-बिड मीटिंग को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

क्रिकेट - भारत-इंग्लैंड टी-20

पुरुष क्रिकेट में भारत और इंग्लैंड के बीच चेस्टर-ली-स्ट्रीट में खेला गया पहला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। इसके साथ ही श्रृंखला शून्य-शून्य से बराबरी पर है। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 189 रन बनाए। बारिश के कारण इंग्लैंड अपनी पारी शुरू नहीं कर सका। श्रृंखला का दूसरा टी-20 मैच शनिवार को मैनचेस्टर में खेला जाएगा।

मौसम

प्रदेश में मानसून सक्रिय है। कल उज्जैन, बालाघाट, कटनी, सीहोर, उमरिया, धार और मंडला समेत 7 जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार भोपाल और सागर संभाग को मानसून पूरी तरह कवर कर चुका है, जबकि उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में दस्तक बाकी है। राजधानी भोपाल में आज सुबह से बादल छाए हुए हैं। कल भी दिनभर यहां रूक-रूककर बारिश होती रही। प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बाद लोगों को झमाझम बारिश का इंतजार है।

समाचार संक्षेप में:-

- नर्मदापुरम जिले की पिपरिया स्थित शहीद भगत सिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कल से नव-प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन शुरू हुआ।
- मध्य प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय ईश्वरदास रोहाणी की स्मृति में कल जबलपुर के मानस भवन में श्गौरव शिखर सम्मान समारोहश् का भव्य आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले में अवैध कब्जों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने पोहरी के ग्राम अनभौरा में लगभग 3 करोड़ रुपये मूल्य की 150 बीघा से अधिक पट्टे की भूमि को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराया।
- खंडवा में वीबी-जीरामजी योजना का जिला स्तरीय शुभारंभ आज विकासखंड की ग्राम पंचायत बमनगांव आखई में होगा।
- वहीं व्हीबी-जी-रामजी योजना का आगरमालवा में जिला स्तरीय शुभारंभ आज प्रातः ग्राम पंचायत पिपलियाचाचा में किया जाएगा।
- मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार आज अशोकनगर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक लेंगे।
- झाबुआ कलेक्टर ने रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। शिविर में 67 यूनिट रक्तदान हुआ।

-------------